# राजस्थान समसामयिकी अप्रैल, 2024

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी अप्रैल, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 2 April, 2024

- **युद्धाभ्यास 'गगन शक्ति' शुरू हुआ–**

1 अप्रैल से 10 अप्रैल, 2024 तक चलने वाला वायुसेना का युद्धाभ्यास **'गगन शक्ति'** जैसलमेर स्थित पोकरण फायरिंग रेंज में प्रारम्भ हुआ। इस युद्धाभ्यास में वायुसेना के सभी लड़ाकू विमान व अत्याधुनिक हेलीकॉप्टरों की प्रहारक क्षमता का प्रदर्शन किया गया।

## Newspaper of 4 April, 2024

- **राजस्थान के सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी-अधिकारी अब जींस और टी-शर्ट पहनकर नहीं आ सकेंगे। सामान्य प्रशासन (ग्रुप-5) विभाग ने इस पर रोक लगा दी है। संयुक्त शासन सचिव नीतू राजेश्वर ने ये दिशा-निर्देश जारी किए, जिसमें यह कहा गया कि राजकीय कार्यालयों में अधिकारी, कार्मिक गरिमापूर्ण पोशाक पहनें तथा अनुशासन, शिष्टाचार और नैतिकता की पालना करें।**

- **राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर ज्योति चौधरी और वृंदा शर्मा 'सुंदर कांति जोशी' पुरस्कार से सम्मानित–**

3 अप्रैल, 2024 को सीनियर राष्ट्रीय महिला क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाली ज्योति चौधरी और सब जूनियर वर्ग में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत वृंदा शर्मा को **'सुन्दर कांति जोशी'** (एसकेजे) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। क्रिकेट उपलब्धियों के लिए पूर्व महिला क्रिकेटर 'सीता भार्गव' को भी पहली बार शुरू किए गए 'लाइफ टाइम अचीवमेंट' अवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया।

## Newspaper of 6 April, 2024

- **रेपो रेट 6.5% पर स्थिर रही–**

5 अप्रैल, 2024 को नए वित्त वर्ष 2024-25 की मौद्रिक नीति समिति की पहली बैठक के बाद RBI के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रेपो रेट सातवीं बार 6.5% पर बरकरार रखी गई है। रेपो रेट स्थिर होने से ऑटो और होम लोन पर EMI नहीं बढ़ेगी। RBI गवर्नर ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में विकास दर 7.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई है।

## Newspaper of 11 April, 2024

- **सीकर जिले में स्थित जीणमाता धाम में 500 मीटर लम्बाई का रोप-वे शुरू हुआ–**

10 अप्रैल, 2024 को सीकर स्थित जीणमाता धाम में चैत्र नवरात्रि मेले की शुरुआत के साथ ही रोप-वे का उद्घाटन हुआ। यह शेखावाटी क्षेत्र का पहला रोप-वे है। रेवासा धाम के स्वामी राघवाचार्य महाराज व मेला मजिस्ट्रेट गोविन्द सिंह भींचर ने रोप-वे का शुभारम्भ किया। यह रोप-वे 500 मीटर लम्बा है।

यह रोप-वे जीणमाता मंदिर से पहाड़ी पर स्थित काजल शिखर तक है।

## Newspaper of 15 April, 2024

- **भारतीय सेना ने स्वदेशी 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) का राजस्थान की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया–**

14 अप्रैल, 2024 को भारतीय सेना ने 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) का राजस्थान की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इसे आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है। एमपीएटीजीएम निशाना लगाने के साथ अग्नि नियंत्रण वाली प्रणाली है। यह दिन और रात, दोनों समय अभियान के लिए उपयुक्त है।

## Newspaper of 17 April, 2024

- **अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के मौजूदा ग्रोथ रेट अनुमान को मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बढ़ाकर 6.8% कर दिया है। जनवरी, 2024 में यह अनुमान 6.5% लगाया गया था।**

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो चीन के 4.6% के विकास अनुमान से आगे है। आरबीआई (RBI) का ग्रोथ रेट का अनुमान 7% है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 20 April, 2024

■ **लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में राजस्थान की 12 सीटों पर 57.87% मतदान हुआ; पिछले लोकसभा चुनावों से 5.84% कम–**

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 19 अप्रैल, 2024 को मतदान हुआ, जिसमें राजस्थान की 12 सीटों पर लगभग 57.87% मतदान हुआ। यह पिछले 2019 के लोकसभा चुनावों के 63.72% मतदान से लगभग 5.84% कम है। इनमें करौली–धौलपुर लोकसभा सीट पर सबसे कम 49.29% मतदान हुआ, जबकि श्रीगंगानगर में सबसे अधिक 65.64% मतदान हुआ।

19 अप्रैल, 2024 को हुए मतदान की स्थिति एक नजर में–

| लोकसभा सीट | 2019 | 2024 | कमी (%) |
|---|---|---|---|
| झुंझुनूँ | 61.78 | 51.62 | 10.16 |
| श्रीगंगानगर | 74.39 | 65.64 | 8.75 |
| जयपुर ग्रामीण | 65.00 | 56.58 | 7.48 |
| सीकर | 64.76 | 57.28 | 7.48 |
| अलवर | 66.82 | 59.79 | 7.03 |
| भरतपुर | 58.81 | 52.69 | 6.12 |
| दौसा | 61.20 | 55.21 | 5.99 |
| करौली–धौलपुर | 55.06 | 49.29 | 5.77 |
| बीकानेर | 59.24 | 53.96 | 5.28 |
| नागौर | 62.15 | 56.89 | 5.26 |
| जयपुर | 68.11 | 62.87 | 5.24 |
| चूरू | 65.65 | 62.98 | 2.67 |

गौरतलब है कि निर्वाचन विभाग के अनुसार पोस्टल बैलट सहित कुल मतदान करीब 57.87% रहा।

## Newspaper of 23 April, 2024

■ **राजस्थान की तीन शख्सियतों को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया–**

22 अप्रैल, 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राजस्थान की तीन शख्सियतों को **पद्मश्री** पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने जीवन रक्षा प्रणाली के लिए डॉ. माया टंडन, ध्रुपद गायकी के लिए पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग और बहरूपिया कलाकार जानकी लाल भांड को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी वर्ष पद्मश्री पुरस्कार हेतु घोषित बीकानेर के मांड गायक अली मोहम्मद व गनी मोहम्मद (संयुक्त रूप से) को अगले चरण में पद्मश्री सम्मान मिलेगा। लक्ष्मण भट्ट तैलंग की ओर से पद्मश्री सम्मान उनके पुत्र रवि शंकर भट्ट तैलंग ने प्राप्त किया।

## Newspaper of 26 April, 2024

■ **राजस्थान में पहली बार पिछोला झील में ईको फ्रेंडली बोट चलाई जाएगी–**

राजस्थान में पहली बार पिछोला झील में बैटरी ऑपरेटेड ईको फ्रेंडली बोट का संचालन किया जाएगा। पहले पिछोला झील में पेट्रोल–डीजल से चलने वाली 18 नावें संचालित थीं। उनकी जगह पर अब 15 ईको फ्रेंडली नावें चलेंगी।

■ **राजस्थान के झुंझुनूँ जिले की लांबी अहीर पंचायत की सरपंच नीरू यादव संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में हिस्सा लेने न्यूयॉर्क जाएँगी–**

राजस्थान के झुंझुनूँ जिले की लांबी अहीर पंचायत की सरपंच नीरू यादव पंचायत स्तर पर बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त करने के लिए किए गए नवाचारों पर अपने अनुभव/विचार न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के जनसंख्या और विकास आयोग (सीडीपी) की ओर से आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन 'सीपीडी मीट–2024' में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के 'नेतृत्व अनुभव' विषय पर 3 मई को साझा करेंगी। नीरू के साथ आंध्रप्रदेश की ग्राम पंचायत पिकेरु की सरपंच कुनुकु हेमा कुमारी तथा त्रिपुरा की सेपाहिजला जिला परिषद् की सभाधिपति सुप्रिया दास दत्ता भी न्यूयॉर्क जाएँगी।

जनसंख्या और विकास आयोग की वार्षिक बैठक 29 अप्रैल से 3 मई, 2024 तक न्यूयॉर्क में होगी। आयोग का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक परिषद् को सहयोग व सलाह देना है तथा राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या और विकास पर अंतरर्राष्ट्रीय सम्मेलन के कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी, समीक्षा और मूल्यांकन करना है।

सरपंच नीरू यादव ने अपनी पंचायत में कई नई पहलें की हैं तथा बालिकाओं की हॉकी टीम तैयार करवाकर कोच के माध्यम से नियमित अभ्यास करवा रही हैं। बर्तन बैंक खुलवाकर ग्राम पंचायत को प्लास्टिक से मुक्त करवाने की पहल की है। ग्रामीण महिलाओं से पुराने कपड़ों के थैले बनवाकर उन्हें सशक्त बना रही हैं। उन्होंने पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए विवाह पर कन्यादान में पेड़ देकर नई मुहिम की शुरुआत की। सरपंच ने 'मेरा पेड़–मेरा दोस्त' मुहिम शुरू की, जिसके अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 21000 पेड़ नि:शुल्क वितरित किए गए।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**■ राजस्थान में लोकसभा 2024 चुनाव सम्पन्न; 25 सीटों पर कुल 61.54% मतदान हुआ; दूसरे चरण में राजस्थान की 13 सीटों पर 64.56% वोटिंग हुई; पिछले लोकसभा चुनावों से 3.86% कम।**

19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल के लोकसभा चुनाव 2024 प्रथम एवं द्वितीय चरण के तहत राजस्थान में लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए एवं कुल 25 सीटों पर 61.54% प्रतिशत मतदान हुआ।

26 अप्रैल, 2024 को हुए द्वितीय चरण के चुनावों में राजस्थान की 13 सीटों पर 64.56% वोटिंग हुई जो पिछले लोकसभा चुनावों के 68.42% से 3.86% कम है।

राज्य में दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक मतदान बाड़मेर में 74.25% हुआ तथा सबसे कम टोंक-सवाईमाधोपुर में 56.55 प्रतिशत हुआ।

राजस्थान में 20 अप्रैल, 2024 को हुए मतदान की स्थिति एक नजर में–

| लोकसभा सीट | 2019 | 2024 |
|---|---|---|
| ◆ टोंक-सवाई माधोपुर | 63.44 | 56.55 |
| ◆ अजमेर | 67.32 | 59.73 |
| ◆ पाली | 62.98 | 57.36 |
| ◆ जोधपुर | 68.89 | 63.89 |
| ◆ बाड़मेर | 73.30 | 74.25 |
| ◆ जालोर | 65.74 | 62.56 |
| ◆ उदयपुर | 70.32 | 64.53 |
| ◆ बांसवाड़ा | 72.90 | 72.77 |
| ◆ चित्तौड़गढ़ | 72.39 | 68.31 |
| ◆ राजसमंद | 64.87 | 58.46 |
| ◆ भीलवाड़ा | 65.64 | 60.47 |
| ◆ कोटा | 70.22 | 71.42 |
| ◆ झालावाड़-बारां | 71.96 | 69.03 |

□□□

संजीव प्रकाशन


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी


## पशु परिचर एवं LDC परीक्षा हेतु उपयोगी पुस्तकें




## सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की श्रेष्ठ पुस्तक




## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें







संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव वेबसाइट एवं Telegram चैनल से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।**

**प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com